# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

नैक द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त Accredited with 'A' Grade by NAAC

ज्ञान शांति मैत्री

**क़ादर नवाज़ ख़ान**
कुलसचिव (कार्यवाहक)
**Kadar Nawaz Khan**
Registrar (Acting)

दूरभाष/Phone : +91-7152-230902


क्रमांक : 35/2026/सं.प्र./36/21
दिनांक: 03.08.2026

## सूचना

विश्वविद्यालय के समस्त अध्यापकों, अधिकारियों, कर्मचारियों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार के पत्र क्रमांक 2-3/ 2026-PN.II, दिनांक 24.07.2026 के आलोक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के छह वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय शिक्षा समागम, 2026 के तहत विश्वविद्यालय के अटल बिहारी वाजपेयी भवन स्थित स्वामी सहजानंद सरस्वती संग्रहालय में त्रिदिवसीय (04-06 अगस्त, 2026) प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। 04 अगस्त, 2026 को सायं 05.00 बजे आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन माननीय कुलपति प्रो. कुमुद शर्मा द्वारा किया जाएगा।

संग्रहालय में 19वीं सदी से अब तक की ऐतिहासिक महत्त्व की पत्रिकाएँ और पांडुलिपियाँ सुरक्षित हैं। इन कृतियों को देखने और पढ़ने का अनुभव साहित्य इतिहास के जीवंत स्पर्श का अहसास कराता है। संग्रहालय में तुलसीदास रचित हनुमान बाहुक, विजय दोहावली, विनयपत्रिका सटीक, षोड्श रामायण, कुंडलिया रामायण सहित हजारों महत्त्वपूर्ण पांडुलिपियाँ संरक्षित की गई हैं। हिंदी की साहित्यिक धरोहर के माध्यम से भारतीय ज्ञान परंपरा पर संग्रहालय में उपलब्ध सामग्री की प्रदर्शनी लगायी जा रही है।

प्रदर्शनी में आप सभी सादर आमंत्रित हैं।

इसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से निर्गत किया जाता है।

क़ादर नवाज़
**(क़ादर नवाज़ खान)**
03/08/26

**प्रति (ई-मेल द्वारा):** समस्त अध्यापक, अधिकारी, कर्मचारी।

**प्रतिलिपि (ई-मेल द्वारा):**

1. कुलपति सचिवालय
2. समस्त अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, केन्द्र निदेशक (विद्यापीठ एवं विभाग के सूचनापट्ट हेतु)
3. कुलानुशासक
4. मुख्य छात्रावास अधीक्षक
5. समस्त छात्रावास अधीक्षक (सूचनापट्ट हेतु)
6. प्रभारी, लीला वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु
7. रक्षित पत्रावली


पोस्ट– हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा–442001 (महाराष्ट्र), भारत
Post Hindi Vishwavidyalaya, Gandhi Hills, Wardha-442001 (Maharashtra), INDIA
**ई-मेल/**E-mail: registrar@mgahv.in, **वेबसाइट/Website:** www.hindivishwa.org